राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdadmn.cce@gmail.com Ph.: 0141-2702247

क्रमांकः– एफ 1(05)पीएस / आकाशि / 2022 / 15 दिनांकः–03-02-2023

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में चयनित अभ्यर्थी जिन्होंने कार्यग्रहण नही किया है। उनके विरूद्ध परीक्षा में उत्तीर्ण / अन्य चयनित अभ्यर्थियों के विभाग / नियुक्ति अधिकारी आवंटन पश्चात चयनित 03 अभ्यर्थियों (02 NTSP, 1 TSP) काउंसलिंग के सम्बन्ध में।**

शासन उप सचिव, प्रशासनिक सुधार (ग्रुप–3) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक प.2(4)प्र.सु. / अनु–3 / 2022 जयपुर, दिनांक 13.01.2023 द्वारा शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में चयनित अभ्यर्थी जिन्होंने कार्यग्रहण नही किया है। उनके विरूद्ध परीक्षा में उतीर्ण / अन्य चयनित 03 अभ्यर्थियों (02 NTSP, 1 TSP) को निजी सहायक ग्रेड द्वितीय (पूर्व पदनाम–शीघ्रलिपिक) के पद पर पूर्ण प्रक्रिया अपनाई जाकर नियुक्ति दिये जाने हेतु कॉलेज शिक्षा विभाग आवंटित किया गया है।

इन अभ्यर्थियों को जिला एवं महाविद्यालय / कार्यालय आवंटनार्थ काउंसलिंग की जानी है। अतः निम्न सूची में अंकित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **काउंसलिंग** हेतु व्यक्तिशः उपस्थित होकर इस पत्र के साथ संलग्न विकल्प पत्र (नियुक्ति हेतु जिला एवं महाविद्यालय का विकल्प पत्र, विभाग में उपलब्ध निजी सहायक ग्रेड द्वितीय पद की गृह जिले की रिक्तियों में से भरकर) एवं आवश्यक घोषणा पत्र / शपथ–पत्र (प्रपत्र ए से एफ) पूर्ण कर **दिनांक 10.02.2023 प्रातः 11.30 बजे** आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित एवं मूल प्रति सहित आवश्क रूप से प्रस्तुत करें :–

**अनुसूचित क्षेत्र**

| क्र. स. | मेरिट क्रमांक | नाम (श्री / श्रीमती / सुश्री) | पिता का नाम (श्री) | जन्म तिथि | लिंग | श्रेणी | गृह जिला | स्थाई पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6217 | देशराज सिंह चौहान | सूर्य सिंह चौहान | 25.12.1990 | पुरूष | GEN | डूंगरपुर | ग्राम–पराडा मोरू, पोस्ट–वगेरी, तह. –सागवाड़ा, डूंगरपुर (राज.) पिन–314031 |

**गैर अनुसूचित क्षेत्र**

| क्र. स. | मेरिट क्रमांक | नाम | पिता का नाम (श्री) | जन्म तिथि | लिंग | श्रेणी | गृह जिला | स्थाई पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 469 | जय खन्ना | पुनीत खन्ना | 04.02.2000 | पुरूष | GEN | जयपुर | सी–44 परनामी मंदिर के पास, राजापार्क, जयपुर पिन–302004 |
| 2 | 775 | रघुनन्दन ब्रहमभट्ट | फूल चन्द ब्रहमभट्ट | 31.07.1998 | पुरूष | OBC | जयपुर | चारभुजा मंदिर के पीछे, फागी जिला–जयपुर पिन–303005 |

निर्देशानुसार काउंसलिंग कार्य निम्नलिखित प्रमुख शर्तों के अधीन सम्पन्न होगा –

1. नियुक्ति अधिकारी द्वारा काउंसलिंग की कार्यवाही में आवंटित अभ्यर्थियों में से सर्वप्रथम प्राथमिकता से दिव्यांगजन, विधवा, परित्यक्ता, एकल महिला, भूतपूर्व सैनिक, उत्कृष्ट खिलाड़ी व पति–पत्नी प्रकरण के अभ्यर्थियों को वरीयताक्रम से, उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर महाविद्यालय आवंटित किया जायेगा।

2. शेष अभ्यर्थियों को वरीयता क्रम से काउंसलिंग में सम्मिलित किया जाकर रिक्तियों के आधार पर प्रथम नियुक्ति का जिला/जिले में स्थान, जैसी भी स्थिति हो, का निर्धारण किया जायेगा।
3. नियुक्ति अधिकारी को आवंटित किये गये चयनित अभ्यर्थियों में से यदि कोई पति–पत्नी हो तो रिक्त पद होने की स्थिति में उनको एक ही जिला/जिले में स्थान, जैसी भी स्थिति हो, में पदस्थापन किया जायेगा। इसी प्रकार पति–पत्नी में से कोई एक पूर्व से ही राज्य सेवा में जिस जिला/जिले में स्थान में पदस्थापित हों, उन्हें रिक्त पद उपलब्ध होने की स्थिति में प्राथमिकता के आधार पर उसी जिला/जिले में स्थान में पदस्थापन हेतु आवंटित किया जायेगा।
4. यदि कोई अभ्यर्थी शहीद परिवार का आश्रित हो/अभ्यर्थी के माता–पिता अथवा पति/पत्नी असाध्य रोग से ग्रस्त हों/अन्य किसी अपरिहार्य मानवीय परिस्थितिवश अभ्यर्थी को किसी जिला/जिले में स्थान में रहना अनिवार्य हो, तो रिक्त पद उपलब्ध होने पर नियुक्ति अधिकारी ऐसे अभ्यर्थियों को तथ्यों की पुष्टि कर जिला/जिले में स्थान, जैसी स्थिति हो आवंटन करने में प्राथमिकता दे सकेगा।
5. नियुक्ति अधिकारी द्वारा अपने स्तर पर विभागीय विशेष परिस्थितियों के मध्यनजर कांउसलिंग हेतु उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य शर्तें भी नियत की जा सकेगी।

निर्धारित तिथि को यदि अभ्यर्थी **काउंसलिंग** हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है, तो उस अभ्यर्थी का मुल आवेदन पत्र प्रशासनिक सुधार (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर को आगामी कार्यवाही हेतु लौटा दिया जायेगा।

निजी सहायक ग्रेड द्वितीय की नियुक्ति सम्बन्धी समस्त सूचनाएं विभागीय वेबसाईट **hte.rajasthan.gov.in** पर **Department of college education** के **Circulars** लिंक पर अपलोड़ की जायेगी। अतः अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि नियुक्ति सम्बन्धी कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण प्रतिदिन विभागीय वेबसाईट के **hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/Circulars.php** लिंक का अवलोकन किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :
1. निजी सहायक ग्रेड द्वितीय पद की जिलेवार/महाविद्यालयवार रिक्तियों की सूची
2. विकल्प पत्र का प्रपत्र
3. आवश्यक घोषणा पत्रों/शपथ पत्रों की प्रति

2/2/23

(डॉ. चन्द्र भूषण जैन)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा जयपुर

क्रमांकः– एफ 1(05)पीएस/आकाशि/2022/ 15

दिनांकः– 03-02-2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. शासन उप सचिव, प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक (प्रशारान) आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज0 जयपुर।
4. वेब साईट प्रभारी, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर–इस सूचना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करें।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा विभाग, जयपुर।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर में अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र के महाविद्यालयों/कार्यालयों में निजी सहायक ग्रेड द्वितीय के रिक्त पदों की सूची

| क्र.सं. | जिला | जिले में निजी सहायक ग्रेड द्वितीय के रिक्त पदो की संख्या | महाविद्यालय/कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | 4 | आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर |
| | | | आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर |
| | | | राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर |
| | | | राजकीय महाविद्यालय, जमवारामगढ़ |
| 2 | प्रतापगढ़ | 1 | राजकीय कन्या महाविद्यालय, प्रतापगढ़ |

## निजी सहायक ग्रेड द्वितीय पद पर नियुक्ति हेतु जिला एवं महाविद्यालय/कार्यालय आवंटन हेतु विकल्प पत्र

रोल नम्बर ..............................

मेरिट नम्बर ............................

चयन वर्ग : ............................................ (टी.एस.पी. / नॉन टी.एस.पी.)

| क्र.स. | चाही गई सूचना | विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी का नाम | | |
| 2 | पिता का नाम | | |
| 3 | जन्म दिनांक | | |
| 4 | गृह जिला | | |
| 5 | कॉलेज शिक्षा विभाग में नियुक्ति हेतु इच्छित सभी जिलों में महाविद्यालय/ कार्यालय के नाम प्राथमिकता क्रम से | जिले का नाम | महाविद्यालय/कार्यालय का नाम |
| 6 | विशेष विवरण (यदि अन्य कोई है तो) | | |

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर मय दिनांक :..............................................................

स्थाई पता मय मोबाईल नं0 :..............................................................

**परिशिष्ठ–अ**

शीघ्रलिपिक संयुक्त भर्ती परीक्षा–2018 के चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन सत्यापन हेतु चैक लिस्ट :–

अभ्यर्थी का नाम :

पिता का नाम :

रोल नम्बर :

मेरिट नम्बर :

| क्र.सं. | दस्तावेज का नाम | संलग्न कर दिया गया है (हाँ / नही) |
|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी के शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी मूल अंकतालिका / प्रमाण | |
| 2 | जन्मतिथि के सत्यापन हेतु सैकण्डरी परीक्षा अंकतालिका / प्रमाण पत्र | |
| 3 | कम्प्यूटर योग्यता का मूल प्रमाण पत्र (RSCIT) | |
| 4 | जाति प्रमाण पत्र (अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का पिता की आय के आधार पर नवीनतम जाति प्रमाण पत्र) | |
| 5 | मूल निवास प्रमाण पत्र | |
| 6 | आय उदघोषणा पत्र | |
| 7 | विवाह प्रमाण पत्र / शपथ पत्र | |
| 8 | दिनांक 01.06.2002 के पश्चात 2 से अधिक सन्तान होने / न होने का प्रमाण पत्र | |
| 9 | दहेज न लेने सम्बन्धी शपथ पत्र | |
| 10 | धुम्रपान / मद्यपान एवं गुटखा सेवन नही करने संबंधी शपथ पत्र | |
| 11 | विधवा / परित्यक्ता महिला द्वारा पुनर्विवाह नही किये जाने सम्बन्धी शपथ पत्र (50 रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर) | |
| 12 | अन्तिम शिक्षण संस्थान के संस्था प्रमुख द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र | |
| 13 | दिव्यांग होने की स्थिति में निशक्तता प्रमाण पत्र | |
| 14 | दो राजपत्रित अधिकारियों से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र (6 माह से पूर्व की तिथि का ना हो) | |
| 15 | पते का प्रमाण पत्र (यथा– बिजली, पानी, टेलिफोन के बिल, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंसे) | |
| 16 | पत्र व्यवहार का पता | |

नोट : सभी दस्तोवज सूची में अंकित क्रमानुसार मूल प्रति व सत्यापित प्रति को व्यवस्थित करके लावें।

परिशिष्ट-बी

(50 रु के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर)

(विवाह शपथ पत्र)
प्रपत्र

मैं.................पुत्र / पुत्री श्री / श्रीमती..................निवासी ............ शपथपूर्वक बयान करता हूं / करती हूं कि मेरा विवाह श्रीमती / श्री....................निवासी ....................के साथ सम्पन्न हुआ था परन्तु अनिवार्य विवाह पंजीयन लागू होने से पूर्व दिनांक ............ को सम्पन्न होने के कारण पंजीकृत नहीं है।

या

मेरा विवाह श्रीमती / श्री ............................निवासी ............................के साथ दिनांक ....................को राजस्थान राज्य के बाहर सम्पन्न होने के कारण पंजीकृत नहीं हुआ है।

या

मैं .....................अविवाहित हूं।

या

मैं ..........................विधुर / विवाह हूं( पत्नी / पति श्री / श्रीमती.....................

या

मैं तलाक शुदा हूं (प्रमाण पत्र संलग्न है)

या

मैं परित्यक्ता हूं एवं मेरा विवाह श्री ....................................के साथ दिनांक .............को सम्पन्न हुआ था।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

परिशिष्ट– सी

(50 रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर)

## शपथपत्र

मै ........................................................ पुत्र/पुत्री ........................................................ ........................................................एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ, कि:–

1. दिनांक 31.05.2002 तक मेरे बच्चो (पुत्र एवं पुत्री) की संख्या......... थी–

| क्र.सं. | नाम | जन्म दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| | | |

1. दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात् मेरे बच्चों (पुत्र एवं पुत्री) की सख्या में वृद्धि नहीं हुई हैं।

या

दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात् मेरे बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। व वर्तमान में बच्चों (पुत्र व पुत्री) की कुल संख्या..........हैं–

| क्र.सं. | नाम | जन्म दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| | | |

स्थान:–

दिनांक:–

हस्ताक्षर शपथगृहिता

नाम....................................

पता....................................

....................................

नोट – जो लागू नही हो, उसे काट दें।

–सत्यापन–

मैं उपरोक्त शपथगृहिता शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि इस शपथपत्र के पैरा 1 से 2 मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है, इसमें कोई सत्य छिपाया नहीं गया है एवं न ही असत्य है, अतः ईश्वर मेरी सहायता करें।

हस्ताक्षर शपथगृहिता

परिशिष्ट–डी

(50/–रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर)

## विवाहित अभ्यर्थी द्वारा दहेज नहीं लेने सम्बन्धी शपथ–पत्र

मैं ........................................................................ पुत्र/पुत्री श्री ................................................ निवासी ................................................................................................................ शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018 के अधीन प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा निजी सहायक ग्रेड द्वितीय के पद पर नियुक्ति हेतु अभिस्तावित किया गया है।

मेरा विवाह दिनांक .............................. को हुआ। विवाह के समय मेरे घर वालों ने न तो दहेज लिया है/न ही दहेज दिया है। भविष्य में दहेज के लिए जाने के सम्बन्ध में मेरी पत्नी एवं ससुराल पक्ष की ओर से कोई शिकायत विभाग/न्यायालय में दर्ज करवाई जाती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त किये जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिए मैं प्रार्थी जिम्मेदार रहूंगा।

स्थान :
दिनांक :

हस्ताक्षर ................................................
(नाम ..................................................)
घोषणाकर्ता

**साक्षी :**

वधु पक्ष की ओर से–

1. हस्ताक्षर ................................................
नाम ..........................................................
पता ..........................................................
..................................................................

1. हस्ताक्षर ................................................
नाम ..........................................................
पता ..........................................................
..................................................................

वर पक्ष की ओर से–

1. हस्ताक्षर ................................................
नाम ..........................................................
पता ..........................................................
..................................................................

1. हस्ताक्षर ................................................
नाम ..........................................................
पता ..........................................................
..................................................................

परिशिष्ट–ई

(50/–रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर)

**<u>अविवाहित अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला दहेज नहीं लेने सम्बन्धी शपथ–पत्र</u>**

मैं ........................................................................ पुत्र/पुत्री श्री ...............................................

निवासी ........................................................................................................... शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018 के अधीन प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा निजी सहायक ग्रेड द्वितीय के पद पर नियुक्ति हेतु अभिस्तावित किया गया है।

मेरा विवाह अभी तक नहीं हुआ है और भविष्य में जब होगा तब मैं या मेरे घर वाले न तो दहेज देंगे और न ही दहेज लेंगे। भविष्य में दहेज लिए जाने के सम्बन्ध में मेरी पत्नी एवं ससुराल पक्ष की ओर से कोई शिकायत विभाग/न्यायालय में दर्ज करवाई जाती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त किये जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा जिसक लिए मैं प्राथी जिम्मेदार रहूंगा।

स्थान :
दिनांक :

हस्ताक्षर ................................................

(नाम .......................................................)

घोषणाकर्ता

**साक्षी :**

1. हस्ताक्षर ................................................
नाम ............................................................
पता ............................................................
..................................................................

1. हस्ताक्षर ................................................
नाम ............................................................
पता ............................................................
..................................................................

परिशिष्ट–एफ

(50/–रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर मुद्रित करवाकर नोटेरी पब्लिक द्वारा सत्यापित करावें)

## चरित्र सत्यापन शपथ–पत्र

मैं ........................................................................ पुत्र/पुत्री श्री ..................................................

आयु .................. जाति .......................... निवासी ..........................................................................................

शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि :–

1. यह कि मेरा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018 के अधीन प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा निजी सहायक ग्रेड द्वितीय के पद हेतु कॉलेज शिक्षा विभाग आवंटित किया गया है।

2. यह कि मेरे विरूद्ध किसी प्रकार का कोई आपराधिक/न्यायिक प्रकरण किसी भी थाना/न्यायालय में दर्ज नहीं है और न ही प्रकरण विचाराधीन है।

3. यह कि मेरी उक्त नियुक्ति के सम्बन्ध में भविष्य में पुलिस विभाग द्वारा मेरा चरित्र सत्यापन के दौरान कोई भी विपरीत तथ्य पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता निरस्त करते हुए मेरी नियुक्ति समाप्त किये जाने का अधिकार आयुक्त, कॉलेज शिक्षा को पूर्ण रूप से होगा।

4. यह कि शपथ–पत्र मैं मेरे चरित्र/पुलिस सत्यापन उत्तम होने के अध्यधीन उक्त नियुक्ति हेतु प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छुपाये नहीं गये हैं जिसके लिए मैं स्वयं पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

स्थान :

दिनांक :

हस्ताक्षर ..................................................

(नाम ........................................................)

घोषणाकर्ता